उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 32/2020/631/छप्पन-2020-23/2017
लखनऊ, दिनांक: 24 अप्रैल, 2020

कार्यालय-ज्ञाप

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 की परिचालन इकाई में पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर श्री पवन गुप्ता को शासनादेश संख्या: 06/2020/2495/छप्पन-2019-23/2017 दिनांक 28 जनवरी, 2020 द्वारा इस शर्त के साथ संविदा के आधार पर नियुक्ति प्रदान की गयी थी कि यदि वह इस पत्र की तिथि से 03 माह के अन्दर कार्यभार ग्रहण करने हेतु उपस्थित नहीं होते हैं तो उनका अभ्यर्थन स्वत: निरस्त समझा जायेगा। श्री पवन गुप्ता के ई-मेल द्वारा प्रेषित पत्र दिनांक 13 फरवरी, 2020 एवं पत्र दिनांक 03 मार्च, 2020 के द्वारा कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिनांक 01 जुलाई, 2020 तक समय सीमा का विस्तार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- अद्योहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि नियुक्ति पत्र में प्रविधानित व्यवस्था के आलोक में नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0 की परिचालन इकाई में पायलट (फिक्स्ड विंग) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु समय-सीमा का विस्तार किये जाने के लिए श्री पवन गुप्ता के अनुरोध को अस्वीकार किया जाता है और उनकी नियुक्ति से सम्बन्धित उक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 28 जनवरी, 2020 को एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है।

सुरेन्द्र सिंह
विशेष सचिव

श्री पवन गुप्ता,
आफिसर्स मैरिड क्वार्टर नं0-59,
एन-1 एरिया, एयरफोर्स स्टेशन चकेरी,
कानपुर,(यू0पी0)-208008

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

पृष्ठांकन संख्या-32/2020/631(1)/छप्पन-2020, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ ।
2. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0 प्रयागराज।
3. कोषधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7 ।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,
डा0 सत्य प्रकाश तिवारी
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।